# भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड

(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)

## ऑनलाइन परीक्षा – भर्ती:

**टेक्निकल ऑपरेशन्सः** सहायक प्रबंधक (प्रिंटिंग),
सहायक प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल),
सहायक प्रबंधक (इलेक्ट्रॉनिक्स),
सहायक प्रबंधक (मैकेनिकल),
सहायक प्रबंधक (धातुकर्म)

**टेक्निकल कंट्रोलः** सहायक प्रबंधक (गुणवत्ता आश्वासन - कागज़),
सहायक प्रबंधक (गुणवत्ता आश्वासन),
सहायक प्रबंधक (परख),
सहायक प्रबंधक (तकनीकी नियंत्रण)

**टेक्निकल सपोर्टः** सहायक प्रबंधक (कलाकार/डिजाइनर),
सहायक प्रबंधक (सामाग्री प्रबंधन)

**सूचना प्रौद्योगिकीः** सहायक प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)

## सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आपके द्वारा दी जाने वाली ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी:

**<u>परीक्षा का स्वरूप</u>**

| अनु.क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्यावसायिक ज्ञान | 60 | 90 | हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली को छोडकर | 120 मिनट |
| 2 | सामान्य सचेतता | 15 | 15 | | |
| 3 | अंग्रेजी भाषा | 15 | 15 | | |
| 4 | तार्किक विवेचन | 15 | 15 | | |
| 5 | संख्यात्मक अभियोग्यता | 15 | 15 | | |
| | **कुल** | **120** | **150** | | **120 मिनट** |

परीक्षा के लिए समय 120 मिनट है; तथापि लॉग इन, प्रवेश पत्र जमा करने, निर्देश पढ़ने आदि के समय को मिलाकर आपको परीक्षा स्थल में लगभग 180 मिनट उपस्थित रहना पड सकता है। अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली के अलावा सभी प्रश्नावलियां हिन्दी व अंग्रेजी में उपलब्ध कराई जाएंगी। सभी प्रश्नावली लिए एकत्रित समय आबंटित है। दिए गए 120 मिनट में आप किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं। सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है। आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा। **अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों को काटा जाएगा। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 (एक चौथाई) एक चौथाई अंक काट लिए जायेंगे।**

ऑनलाइन परीक्षा के अंक, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए अंक घटाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है।

(ii) सही अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है।*

*अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है।

ऑनलाइन परीक्षा की चयन प्रक्रिया में (75% भारिता) और साक्षात्कार (25% भारिता) समाविष्ट होंगे। अभ्यर्थियों को मेरिट की अपनी-अपनी श्रेणीयों के अनुसार 1:4 के अनुपात में शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं। वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो।**

उदाहरण के लिए कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं।

## तकनिकी/व्यावसायिक ज्ञान

संबंधित विषय के प्रश्न विशेषज्ञता के क्षेत्र से संबंधित होंगे।

## सामान्य सचेतता

**प्र.1.** काले धन को सफेद (वैध) करने (Money laundering) के जोखिम का सामना करने के लिए निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने अपने ग्राहक को जानों (Know Your Customer) योजना शुरू की है ?
(1) आईडीबीआई (IDBI) (2) भा.रि.बैं. (3) नाबार्ड (4) सिडबी (SIDBI) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** OSCAR पुरस्कार, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये दिया जाता है ?
(1) फिल्म (2) साहित्य (3) खेल (4) विज्ञान (5) समाजसेवा

**प्र.3.** RBI में अक्षर I निम्नांकित में से किसके लिए प्रयुक्त होता है?
(1) India (2) International (3) Insurance (4) Income (5) Institute

**प्र.4.** 'मंडी हाऊस' हैं ________
(1) प्रधानमंत्री निवास
(2) श्याम बेनेगल द्वारा निर्देशित पुरस्कृत फिल्म
(3) दूरदर्शन के महानिदेशक का कार्यालय
(4) वाणिज्य मंत्रालय का मुख्यालय
(5) वह स्थान जहां कि दूरदर्शन का केंद्रिय निर्माण केंद्र स्थित है

**प्र.5.** विश्वनाथन आनंद का नाम निम्न में से किस खेल से जुड़ा है ?
(1) बैडमिंटन (2) गोल्फ (3) शतरंज (4) बिलियर्डस (5) बास्केट बाल

**प्र.6.** प्रसिद्ध गोमटेश्वर की मूर्ती निम्न में से किस राज्य में स्थित हैं ?
(1) महाराष्ट्र (2) मध्य प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) उड़ीसा (5) कर्नाटक

**प्र.7.** प्रसिद्ध अयोध्या मंदिर किस नदी के तट पर स्थित है ?
(1) गंगा (2) गोदावरी (3) सरयू (4) बाण गंगा (5) नर्मदा

**प्र.8.** 'दशद्वार से सोपान तक' किसने लिखा है ?
(1) मोहन राकेश (2) हरीवंशराय बच्चन (3) जगदीश चंद्र माथुर (4) धर्मवीर भारती (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.9.** 'ऑस्कर पुरस्कार' निम्न में से किस क्षेत्र में उत्तम प्रदर्शन हेतु दिये जाते हैं ?
(1) साहित्य (2) विज्ञान और प्रायोगिकी (3) चलचित्र (4) खेल (5) समाज सेवा

**प्र.10.** 'शोर' का मापन करने वाली इकाई क्या है ?
(1) नॉट (2) केलरी (3) ओहम (4) जूल (5) डेसिबेल

# अंग्रेजी भाषा

**Q.1.** Read the sentence to find out whether there is any grammatical or idiomatic error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. That part is the answer. If there is no error, the answer is 'No error'. (Ignore the errors of punctuation, if any).

The regaining of freedom (1) / as we well know has given rise for (2) / many dormant issues (3) / and conflicts in our society. (4) No error (5)

**Q.2-3. Directions :** In each of the following questions, select from amongst the five alternatives, the word most opposite in meaning of the word given in capitals.

**Q.2.** LIVELY
(1) simple (2) weak (3) dull (4) angry (5) moron

**Q.3.** INADVERTENT
(1) adequate (2) available (3) sluggish (4) negligent (5) intentional

**Q.4.** Pick out from the words given below this sentence the word which would complete the sentence correctly and meaningfully.

He wants me to look _______ his garden during his absence.
(1) at (2) over (3) after (4) into (5) from

**Direction :** In each of the following questions, select from amongst the five alternatives, the word nearest in meaning to the word given in capitals.

**Q.5.** LETHAL
(1) light (2) dangerous (3) deadly (4) cruel (5) thoughtless

**Q.6.** CENTENARY
(1) a guard (2) a hundred years (3) a very old man (4) a hundred runs (5) a hundredth anniversary

# तार्किक विवेचन

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं और कम्प्यूटर के साथ काम करने की आपकी अभिरूचि/ज्ञान संबंधी निर्णय लेने के लिये भी है। इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे। यहाँ नमूना के तौर पर प्रश्न दिये हैं।

**प्र.1-2.** निम्नलिखित प्रश्नों में अंक एवं प्रतीक समूह को दी गई योजना और शर्तों के अनुसार अक्षर कोड देकर कोडबद्ध किया जाता है । आपको उस अक्षर कोड समूह के क्रमांक का पता लगाना है, जो अंक प्रतीक के संयोजन का सही ढंग से निरुपण करता है। उस अक्षर कोड का क्रमांक ही आपका उत्तर होगा। यदि कोई भी अक्षर कोड समूह सही न हो तो उत्तर (5) अर्थात 'दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य' दीजिए।

| अंक/प्रतीक | 2 | $ | @ | 7 | 6 | # | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अक्षर कोड | Q | B | H | L | F | M | T |

**शर्त :**

1. यदि पहला और अंतिम तत्व एक प्रतीक हो तो दोनों को 'A' कोड दिया जाएगा।
2. यदि पहला तत्व एक सम अंक है और अंतिम तत्व एक प्रतीक है तो उनके कोड परस्पर बदले जाएंगे।

**प्र.1.** 67@2#
(1) FLHQM (2) MLHQF (3) MLQHE (4) FLQHM (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** $687#
(1) AFTLA (2) AFTLM (3) BFTLA (4) BFTLM (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, पांच अक्षर समूह या शब्द दिये गये हैं। इनमें से चार अक्षर समूहों या शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है। ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है।

**प्र.3.** (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

**प्र.4.** (1) BC (2) MN (3) PQ (4) XZ (5) ST

**प्र.5.** (1) आम (2) सेब (3) संतरा (4) अमरूद (5) गुलाब

**निर्देश :** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्नचिह्न लगा है। उसके नीचे दिये गये पाँच विकल्पों में से केवल कोई एक ही उस तरह के संबंध को प्रकट करता हैं जो कि प्रश्न में :: चिह्न के बायीं ओर वाले दो शब्दों में है। सही उत्तर ज्ञात कीजिये ।

**प्र.6.** चरण : मनुष्य :: खुर : ?

(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) जूता

**प्र.7.** दिन : रात :: दयालु : ?

(1) अंधेरा (2) प्रकाशमान (3) क्रूर (4) उदार (5) कृतज्ञता

**प्र.8.** झोपड़ी : महल :: खरगोश : ?

(1) गड्ढा (2) गाजर (3) हाथी (4) छोटा (5) चूहा

**प्र.9.** यदि 'A " B' का अर्थ है 'A में B जोडें', 'A ' B' का अर्थ है 'A में से B घटायें', 'A # B' का अर्थ है 'A को B से विभाजित करें' और 'A ⊗ B' का अर्थ है 'A का B से गुणा करें'; तब निम्नलिखित में से कौनसा दो दिन के विक्रय का औसत है जब $S_1$ और $S_2$ क्रमशः पहले और दूसरे दिन के विक्रय हैं ?

(1) ($S_1$ ' $S_2$) # 2 (2) 2 # ($S_1$ " $S_2$) (3) ($S_1$ " $S_2$ # 2)

(4) ($S_1$ ⊗ $S_2$) # ($S_1$ " $S_2$) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.10.** मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड अठारह वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति मतदान कर सकता है। बीस वर्ष पूर्व जन्मा हुआ मधु मतदान कर सकता है या नहीं यह पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से और क्या जानकारी आवश्यक है।

(I) मधु की जन्म तारीख (II) मधु मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड है या नहीं।

(1) केवल I (2) केवल II (3) या तो I और II (4) न तो I और नही II (5) I और II दोनों

## संख्यात्मक अभियोग्यता

यह परीक्षा संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालने आदि में आपकी गति शुद्धता की जाँच के लिये है ।

**प्र.1-3.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **30 से कम** | **30-39** | **40-49** | **50-59** | **60-69** | **70 और अधिक** |
| 260 और अधिक | 8 | 18 | 26 | 18 | 26 | 4 |
| 210 से 259 | 5 | 4 | 30 | 22 | 10 | 9 |
| 160 से 209 | 16 | 10 | 45 | 56 | 18 | 9 |
| 110 से 159 | 28 | 42 | 100 | 190 | 15 | 5 |
| 60 से 109 | 35 | 115 | 20 | 8 | 7 | 5 |
| 60 से कम | 32 | 32 | 20 | 4 | 6 | 2 |

**प्र.1.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?

(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?

(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक (4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?

(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70 (4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?

(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** यदि 10 रुपये में एक पेन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है, तो पेन का मूल्य क्या है ?

(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/- रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** यदि 3 कामगारों ने 4 दिनों में 48 कि. ग्रं. कापूस इकठ्ठा किया तो 9 कामगार 2 दिनों में कितना कि. ग्रं. कापूस इकठ्ठा करेंगे ?

(1) 216 (2) 32 (3) 108 (4) 72 (5) इनमें से कोई नहीं

## (अ) ऑनलाइन परीक्षा पैटर्न का विवरण: (वस्तुनिष्ठ)

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी।

(2) अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली के अलावा सभी प्रश्नावलियां हिन्दी व अंग्रेजी में उपलब्ध कराई जाएंगी।

(3) सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है। क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो।**

(4) सर्वर पर समय सेट किया गया है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दाएं कोने में काउंट डाउन टाइमर आपकी परीक्षा के लिए शेष समय को दर्शाएगा। घड़ी पूरी तरह बंद हो जाने पर परीक्षा स्वतः ही समाप्त हो जाती है आपको अलग से अपनी परीक्षा समाप्त या जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

(5) स्क्रीन के दाएं कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है:

 **आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**

 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**

 **आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**

 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**

 **प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिन्हित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दोबारा देखने के लिए सेट किया है। *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिन्हित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है:

अ. उस संख्या के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर उस प्रश्न संख्या पर क्लिक कीजिए। ध्यान दें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न के लिए आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है।

ब. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और आगे के क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए 'Save & Next' पर क्लिक कीजिए।

क. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे समीक्षा हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए 'Mark for Review & Next' पर क्लिक कीजिए।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको Save & Next पर क्लिक करना चाहिए।

(10) चुना गया उत्तर अचयनित/रद्द करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या Clear Response बटन पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न चुनने के लिए Mark for Review & Next पर क्लिक कीजिए। यदि 'मार्क्ड फोर रिव्यू' प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो उत्तर को अंतिम मूल्यांकन के रूप में माना जाएगा।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न का चुनाव कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद Save & Next बटन पर क्लिक कीजिए।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, उन्ही प्रश्नों पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर प्रश्नावलियों के नाम डिस्प्ले किये जायेंगे। प्रश्नावली के नाम पर क्लिक करके आप संबंधित प्रश्नावली के प्रश्न देखे जा सकते हैं। जो प्रश्नावली आप देखेंगे वह हाइलाइट होगी।

(15) किसी प्रश्नावली के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन क्लिक करने के बाद आप आटोमैटिकली (अगली) प्रश्नावली के पहले प्रश्न पर पहुंच जाएंगे।

(16) प्रश्नावली के प्रश्नों के स्टेटस को देखने के लिए प्रश्नावली के नाम पर आप माउस कर्सर मूव कर सकते हैं।

(17) सभी प्रश्नावली लिए एकत्रित समय आबंटित है। दिए गए 120 मिनट में आप किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं।

(18) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें। यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार का SFAC L द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठना वर्जित होगा।

(19) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर से अपनी शंकाओं या प्रश्नों के विषय में पूछ सकता है। परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

(20) 120 मिनट की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर की जाँच कर पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे।

**(21) कृपया नोट करें:**

**(अ) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा।**

**(ब) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्योंकि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी।**

## (ब) सामान्य निर्देश:

(1) कृपया प्रवेशपत्र (कॉल लेटर) में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेशपत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और SFAC L प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। यदि आपके द्वारा निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा।

(5) परीक्षा के दौरान कैलकुलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमरा सहित या रहित), स्मार्ट वॉच या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(6) अपने फोटोग्राफ को प्रवेश-पत्र पर चिपकाकर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी अपने साथ लाएं - कृपया अपने फोटोग्राफ को इस प्रवेशपत्र पर चिपकाकर और वर्तमान में वैध फोटोयुक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी अपने साथ लाएं - यह अनिवार्य है। **कृपया प्रवेशपत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में पर्यवेक्षक को सौंप दें।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं - पैनकार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार/ई-आधार कार्ड /कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र। **कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।** कृपया ध्यान दें कि प्रवेशपत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसा आपने पंजीकरण की प्रक्रिया में दिया है) फोटो पहचान पत्र पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए। महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें। यदि प्रवेशपत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान पत्र में जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। वे उम्मीदवार जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, को राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करने पर ही अनुमत किया जाएगा।

(7) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा, यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीद्वारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते

या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ SFMCL उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है।

(8) आप अपने साथ एक बाल पॉइंट पेन अवश्य लाएं। आप अपना व्यक्तिगत इंक स्टैम्प पैड (नीला/काला) ला सकते है। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना, प्रवेशपत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः पर्यवेक्षक को सौंप देना चाहिए।

(9) परीक्षा के प्रशासन में कुछ एक समस्या होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा परिणाम सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है। ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल हैं। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन संस्थान के विवेक पर निर्भर है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे। परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा।

(10) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की कठिनाई स्तर के अंतर को समायोजित करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा। यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है।

(11) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, संचारित करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(12) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे SFMCL की किसी भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी। यदि ऐसे मामले का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा।

(13) कृपया नीचे दिए गए सामाजिक दूरी संबंधित निर्देशों को ध्यान से पढें।

## सामाजिक दूरी संबंधी निर्देश

.1 अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित समय अवधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। देरी से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

.2 अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।

.3 परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री

**अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल निम्नलिखित सामान लाने की अनुमति होगीः**

**क. मास्क**

**ख. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)**

**ग. एक सामान्य पेन और इंक स्टैम्प पैड (नीला/काला)**

**घ. परीक्षा संबंधी दस्तावेज (बुलावा पत्र तथा बुलावा पत्र जिसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल ID कार्ड)**

**ड. स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में – विधिवत रूप से भरा व फोटोग्राफ लगाकर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म**

**परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।**

.4 अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामानसामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।/

.5 अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

.6 अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।

.7 यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपना मास्क लाना होगा।

8. परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

## आपको शुभकामनाएं!